दैनिक जागरण 10/03/2024

मानव अधिकार चुनौतियां और प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी आयोजित

जासं, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी में प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता तथा राजनीतिक विज्ञान विभाग के नेतृत्व में एकदिवसीय विद्यार्थी संगोष्ठी का आयोजन प्रोफेसर वीर सेन विनय मल्होत्रा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में मानव अधिकार चुनौतियां और प्रासंगिकता विषय पर हुआ।

इस अवसर पर प्राचार्य ने ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. विनय मल्होत्रा का अभिनंदन किया। प्रोफेसर विनय मल्होत्रा ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा यह पहल काफी लंबे समय से की जा रही है। कालेज सबसे सार्थक स्तर है ,जहां से विद्यार्थी अपने जीवन के वास्तविक लक्ष्यों और उद्देश्यों का निर्धारण करता है। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सदस्य चरणजीत सिंह सेठी ने भी अपने विचारों में कहा कि यह पर्व के समान लगता है कि प्रदेश के विभिन्न भागों से प्राध्यापक व विद्यार्थी अपने विचारों को सांझा करने के लिए एक मंच पर एकत्रित होते हैं।